लीले पे चढ़कर मेरा श्याम आएगा,
आकर के दरबार में,
मोरछड़ी लहराएगा,
लीले पे चढ़कर मेरा श्याम आएगा।।

सजा दरबार बड़ा आला,
आएगा अब खाटू वाला,
लगाओ श्याम नाम से मन,
करो सब बाबा का कीर्तन,
शीश के दानी का,
जो भी गुण गाएगा,
उसके ऊपर बाबा मोरछड़ी लहराएगा,
लीले पे चढ़कर मेरा श्याम आएगा।।

बुलाए जो कोई घर पे,
पहुंच जाए वहां पल में,
जगाए श्याम नाम ज्योति,
भरे उस जीवन में मोती,
सच्चे मन से जो भी,
बाबा को रिझाएगा,
भर भर के झोली खुशियों की,
वो ले जाएगा,
लीले पे चढ़कर मेरा श्याम आएगा।।

जमाने से जो भी हारे,
पुकारे श्याम नाम प्यारे,
करे ना देर ये पल की,
करे सब के वारे न्यारे,
प्रेम पुजारी बनके,
बाबा को रीझाएगा,
उसकी किस्मत का ताला,
पल में खुल जाएगा,
लीले पे चढ़कर मेरा श्याम आएगा।।

लीले पे चढ़कर मेरा श्याम आएगा,
आकर के दरबार में,
मोरछड़ी लहराएगा,
लीले पे चढ़कर मेरा श्याम आएगा।।

Sent By
Singer- Murli Pareek & Pankaj Pareek

Source: https://www.bharattemples.com/lile-pe-chad-kar-mera-shyam-aayega/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App

https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw